भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

## विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:04:2023, दिनांक Dated 26.12.2023

**(ऑनलाइन पंजीयन, आवदेन प्रस्तुत करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 26.12.2023 के 1000 बजे से 15.01.2024 के 1730 बजे तक खुला रहेगा)**

**(Online recruitment portal will be open from 1000 hours on 26.12.2023 to 1730 hours of 15.01.2024 for online registration, submission of application and payment of application fees)**

**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक),** अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.), भारत सरकार का एक अग्रणी केंद्र है। सैक इसरो के संचार, नौवहन, सुदूर संवेदन एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्ष वाहित यंत्रों के डिजाइन तथा विकास एवं राष्ट्रीय विकास से संबंधित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रचालन का कार्य करता है।

**Space Applications Centre (SAC)**, Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space, Government of India. SAC focuses on the design and development of space borne instruments for communication, navigation, remote sensing and planetary missions of ISRO and operationalization of space technology for various applications related to national development.

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) वेतन मैट्रिक्स स्तर -10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' की निम्नलिखित रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

Space Applications Centre (SAC) invites online applications for the following vacancies of Scientist/Engineer 'SC' in Level -10 of Pay Matrix, as detailed below:

| **समूह 'ए' पद GROUP 'A' posts** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद कोड Post Code** | **पद का नाम Name of the Post** | **रिक्तियों की संख्या No. of vacancies** | | **अर्हता ब्यौरा Qualification details** | |
| | | **सैक SAC** | **रा.सु.सं.के. NRSC(*)** | **अनिवार्य अर्हता Essential qualification** | **पूर्व-आवश्यकताएं Pre-requisite/s** |
| 01 | वैज्ञानिक/ अभियंता-एससी (कृषि) SCIENTIST/ ENGINEER-SC (Agriculture) | 02 (अना.) (UR) | 06 (अना.) (UR) | न्यूनतम 65% अंक (सभी वर्षों/ सेमिस्टरों का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ कृषि भौतिकी/ कृषि मौसमविज्ञान/कृषि विज्ञान में एम.एससी. या समकक्ष<br>M.Sc. in Agricultural Physics/ Agricultural Meteorology/ Agronomy or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all years/semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | न्यूनतम 60% अंक (सभी वर्षों / सेमिस्टरों का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ कृषि में बी.एससी।<br>B.Sc. in Agriculture with an aggregate minimum of 60% marks (average of all years/semesters) or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |
| 02 | वैज्ञानिक/ अभियंता-एससी (वायुमण्डलीय | 03 (अना.) (UR) | 05 (अना.) (UR) | न्यूनतम 65% अंक (सभी वर्षों/ सेमिस्टरों का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.84 की सीजीपीए | न्यूनतम 60% अंक (सभी वर्षों/सेमिस्टरों का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 सीजीपीए |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | विज्ञान एवं समुद्रविज्ञान) SCIENTIST/ ENGINEER-SC (Atmospheric Sciences and Oceanography) | | | ग्रेडिंग के साथ भौतिकी / वायुमंडलीय विज्ञान / मौसम विज्ञान / समुद्र विज्ञान में एम.एससी. या समकक्ष। M.Sc. in Physics/ Atmospheric Sciences/ Meteorology/ Ocean Sciences or equivalent with an aggregate minimum of 65% marks (average of all years/semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 point scale | ग्रेडिंग के साथ भौतिकी/गणित में बी.एससी.। B.Sc. in Physics/Mathematics with an aggregate minimum of 60% marks (average of all years/semesters) or CGPA grading of 6.5 on a 10 point scale |
| 03 | वैज्ञानिक/ अभियंता-एससी (कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी) SCIENTIST/ ENGINEER-SC (Computer Science Engineering) | 03 (अना.) (UR) | शून्य NIL | न्यूनतम 60% अंकों (सभी वर्षों/सेमिस्टरों का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर विज्ञान तथा इंजीनियरिंग में प्रतिबिंब संसाधन/ आर्टिफिशल आसूचना तथा मशीन लर्निंग/ कंप्यूटर विज़न में विशेषज्ञता सहित एम.ई./एम. टेक.। M.E. / M.Tech. in Computer Science & Engineering with Specialization in Image Processing/ Artificial Intelligence and Machine Learning / Computer Vision with an aggregate minimum of 60% (average of all years/semesters) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale | न्यूनतम 65% अंकों (सभी वर्षों/सेमिस्टरों का औसत) या 10 बिंदु पैमाने पर 6.84 सीजीपीए / सीपीआई ग्रेडिंग के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग / कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में बी.ई./बी.टेक. । B.E./B.Tech. in Computer Engineering /Computer Science & Engineering / Information Technology (IT) with an aggregate minimum of 65% marks (average of all years/semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale |
| **(*) एनआरएससी कॉलम में उल्लिखित पद राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, हैदराबाद में भरे जाने निर्धारित हैं। Posts mentioned in NRSC Column are identified to be filled up at National Remote Sensing Centre, Hyderabad** | | | | | |
| पदों के लिए प्रकार्यात्मक आवश्यकताएं: **एस-बैठना; एसटी-खड़े रहना; एमएफ-उंगलियों से कार्य करना;आरडब्ल्यू-पढ़ना तथा लिखना; एसई - देखना** Functional Requirements for the posts: **S – Sitting; ST – Standing; MF- Manipulation with Fingers; RW- Reading & Writing; SE- Seeing** | | | | | |

| **बेंचमार्क दिव्यांगों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण ब्यौरा RESERVATION DETAILS FOR PERSONS WITH BENCHMARK DISABILITIES (PwBD)** | |
|---|---|
| पद कोड-01 Post Code - 01 | पीडब्ल्यूबीडी (बधिर और कम सुनाई देना) हेतु एनआरएससी का 01 (एक) पद आरक्षित है। 01 (One) post of NRSC is reserved for PwBD (Deaf and Hard of Hearing) |
| पद कोड-02 Post Code - 02 | पीडब्ल्यूबीडी (दृष्टिहीन, कम दिखाई देना) के लिए एनआरएससी का 01 (एक) पद आरक्षित है। 01 (One) post of NRSC is reserved for PwBD (Blind, Low Vision) |

## वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर PAY & LEVEL IN THE PAY MATRIX

**स्तर Level 10 (₹56,100– ₹ 1,77,500)**

इसके अतिरिक्त उपरोक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच. आर. ए.) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारी नई पेंशन योजना के अधीन होंगे। इसके साथ स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, क्वार्टरों की सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), यात्रा रियायत, समूह बीमा, मकान बनाने हेतु अग्रिम इत्यादि केंद्र सरकार के आदेशानुसार देय होगा।

In addition, Dearness Allowances (DA), House Rent Allowances (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the National Pension System. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per Central Government orders.

## आयु सीमा AGE LIMIT (15.01.2024 के अनुसार As on 15.01.2024)

| | |
|---|---|
| पद कोड 01 तथा 02 हेतु<br>For Post Code 01 and 02 | 15.01.2024 को 18 – 28 वर्ष<br>18 – 28 years as on 15.01.2024 |
| पद कोड 03 हेतु<br>For Post Code 03 | 15.01.2024 को 18 – 30 वर्ष<br>18 – 30 years as on 15.01.2024 |

सेवारत केंद्र सरकार के कर्मचारी, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) आदि भारत सरकार के नियमों/ आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट के पात्र हैं।

Serving Central Govt. Employees, Persons with Benchmark Disabilities (PWBDs) etc. are eligible for upper age relaxation as per Govt. of India rules/orders.

## कार्य की अपेक्षाएं / JOB REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| **पद कोड 01<br>Post Code 01** | | उपग्रह प्रेक्षणों का उपयोग करते हुए उन्नत फसल पूर्वानुमान के लिए तकनीक का विकास, फसल, मृदा की पुन: प्राप्ति और अंशांकन/वैधीकरण, वर्तमान और आगामी उपग्रह मिशनों से जैव भौतिकी/ जैव रासायनिक प्राचल एवं प्रक्रमण मॉडल में स्वांगीकरण ।<br>Development of techniques for advanced crop forecasting using satellite observations, retrieval and calibration/ validation of crop, soil, biophysical/ biochemical parameters from current and future satellite missions and assimilation into process models. |
| **पद कोड 02<br>Post Code 02** | **सैक SAC** | समुद्री तथा वायुमंडलीय अध्ययनों के लिए वर्तमान एवं आगामी उपग्रह मिशनों से भूभौतिकी प्राचलों की पुन:प्राप्ति और अंशांकन/वैधीकरण हेतु तकनीकों का विकास। उपग्रह आधारित मौसम विज्ञान एवं समुद्र अनुप्रयोग का विकास और संख्यात्मक मॉडल में डेटा समावेशन तकनीक ।<br>Development of techniques for retrieval and calibration/validation of geophysical parameters from current and future satellite missions for ocean and atmospheric studies. Development of satellite based meteorological and oceanic applications and data assimilation techniques in numerical models. |
| | **रा.सु.सं.के. NRSC** | अनुसंधान, क्रूज़, फिल्ड अभियान, डेटा समावेशन, एएल/एमएल उपकरणों का नियोजन, डेटा विज्ञान अनुप्रयोग में सहभागिता द्वारा समुद्र, वायुमंडल तथा जलवायु उत्पादों का विकास और समुद्र/वायुमंडलीय एवं जलवायु सेवाओं के विकास की दिशा में अनुसंधान और विकास।<br>Development of Ocean, Atmosphere and Climate products through participation in Research, Cruises, field campaign, Data Assimilation, employing AI/ML tools, data science applications and R&D leading to development of Ocean/Atmospheric and climate services. |
| **पद कोड 03<br>Post Code 03** | | प्रतिबिंब संसाधन और उन्नत कंप्यूटर विज़न को समाहित करते हुए, सुदूर संवेदन उपग्रह डेटा के पूर्व /पश्च संसाधन हेतु आर्टिफिशियल आसूचना/गहन अध्ययन/मशिन लर्निंग आधारित कलनविधि का विकास। वैज्ञानिक तथा इंजीनियरिंग अनुप्रयोग हेतु उन्नत प्रोग्रामिंग संरचना का उपयोग करते हुए सॉफ्टवेयर का डिजाइन एवं विकास। |

| | |
|---|---|
| | Development of Artificial Intelligence/Deep Learning/Machine Learning based algorithms for pre/post processing of remote sensing satellite data, encompassing image processing and advanced computer vision. Design and development of software using advanced programming architecture for scientific and engineering applications. |

**उपरोक्त कार्य विवरण केवल कार्य की एक रूपरेखा है, न कि संपूर्ण विवरण।**
**The Job Description provided above is just an outline of the work and is not exhaustive.**

## चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS

**द्वि-स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया जिसमें, (1) लिखित परीक्षा और (2) वैयक्तिक साक्षात्कार समाहित है।**
**Two Level recruitment process consisting of (1) Written Test and (2) Personal Interview:**

अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा की तिथि और स्थल की सूचना उपयुक्त समय पर दी जाएगी। सैक/इसरो लिखित परीक्षा और/या दिनांक/स्थल को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
The date and venue of the Written Test will be communicated to the candidates at an appropriate time. SAC/ISRO reserves the right to change the written test date and/or venue.

(1) **लिखित परीक्षा Written Test:**
**लिखित परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र की रूपरेखा:**
**Pattern of the Question Paper for Written Test:**

| श्रेणी Category | विवरण Description | पद कोड 01 और 02 के लिए For Post Code 01 and 02 | पद कोड 03 के लिए For Post Code 03 |
|---|---|---|---|
| **भाग-ए Part-A** एरिया /संबंधित क्षेत्र विशेष भाग Area/ Discipline Specific Part | **अवधि Duration** | 90 मिनट minutes | 75 मिनट minutes |
| | **कुल अंक Total Marks** | 80 अंक (मार्किंग पैटर्न +1 और -1/3) 80 marks (+1 and -1/3 pattern of marking) | 60 अंक (मार्किंग पैटर्न +1 और -1/3) 60 marks (+1 and -1/3 pattern of marking) |
| | **प्रश्न का प्रकार Type of Question** | बहुविकल्प प्रश्न (एमसीक्यू) Multiple Choice Question (MCQ) | बहुविकल्प प्रश्न (एमसीक्यू) Multiple Choice Question (MCQ) |
| | **प्रश्नों की संख्या No. of Questions** | 80 | 60 |
| **भाग –बी Part-B** अभिरुचि/योग्यता परीक्षा Aptitude/Ability Tests | **अवधि Duration** | 30 मिनट Minutes | |
| | **कुल अंक Total Marks** | 20 अंक (नकारात्मक अंकन लागू नहीं) 20 marks (negative marking is not applicable) | |
| | **प्रश्नों की संख्या Type of Question** | बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) Multiple Choice Question (MCQ) | |
| | **प्रश्नों की संख्या No. of Questions** | अधिकतम Maximum 15 | |
| | **पैटर्न Pattern** | प्रश्न संख्यात्मक तर्क, तार्किक तर्क, आरेखीय तर्क, अमूर्त तर्क तथा निगमनात्मक रीज़निंग पर आधारित होंगे। Questions will be based on Numerical Reasoning, Logical Reasoning, Diagrammatic Reasoning, Abstract Reasoning and Deductive Reasoning | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भाग -सी वर्णनात्मक प्रश्न Part-C Descriptive questions** | **अवधि Duration** | लागू नहीं Not applicable | 30 मिनट minutes |
| | **कुल अंक Total Marks** | | 20 अंक marks |
| | **प्रश्न का प्रकार Type of Question** | | विज्ञापन में प्रदर्शित मुख्य रूप से विशेषज्ञ/कार्य क्षेत्र से संबंधित तकनीकी प्रश्न Technical Question relevant to main specialization/discipline notified in the advertisement |
| **कुल अंक Total Marks** | | **100 अंक Marks** | **100 अंक Marks** |

**(2) वैयक्तिक साक्षात्कार Personal Interview:**

लिखित परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, जिसमें न्यूनतम 10 अभ्यर्थी होंगे। आरक्षित रिक्ति हेतु अभ्यर्थियों को, आरक्षित अभ्यर्थी यदि कोई है तो उन पर ध्यान दिए बिना, 1:5 के अनुपात में अनारक्षित श्रेणी के तहत शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
Based on performance in the written test, candidates will be short-listed for Interview in the ratio of 1:5, with a minimum of 10 candidates. For reserved vacancies, candidates will be short-listed in the ratio of 1:5, without regard to the reserved candidates if any, short-listed under UR category.

**(3) अर्हता मानदंड Qualifying Criteria**:

| पद Post | श्रेणी Category | लिखित परीक्षा Written Test | साक्षात्कार Interview | अर्हता मानदंड Qualifying Criteria |
|---|---|---|---|---|
| पद कोड 01 तथा 02 (एम.एससी. की अर्हता के आधार पर) Post Code 01 and 02 (Based on M.Sc. as a qualification) | अनारक्षित अभ्यर्थी Unreserved Candidates | भाग 'ए' और 'बी' प्रत्येक में 50% 50% each in Part 'A' and 'B' | 50/100 अंक Marks | कुल Aggregate 60% |
| | आरक्षित अभ्यर्थी, यदि पद आरक्षित हो तो। Reserved Candidates, only if a post is reserved | भाग 'ए' और 'बी' प्रत्येक में 40% 40% each in Part 'A' and 'B' | 40/100 अंक Marks | कुल Aggregate 50% |
| पद कोड 03 Post Code 03 (एम.टेक. की अर्हता के आधार पर) Based on M.Tech as a qualification) | अनारक्षित अभ्यर्थी Unreserved Candidates | भाग 'ए', 'बी' और 'सी' प्रत्येक में 50% 50% each in Part 'A' ,'B' and 'C' | 50/100 अंक Marks | कुल Aggregate 60% |

**(4) पैनल निर्माण में महत्व Weightage in Panel Generation:**

अंतिम पैनल तैयार करने के लिए, 50% महत्व लिखित परीक्षा के अंक को और 50% महत्व साक्षात्कार के अंक को दिया जाएगा।
For generation of the final panel, 50% weightage will be given to Written Test marks and 50% weightage to Interview marks.

| **महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION :** | |
|---|---|
| 1. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, किसी भी पद को न भरने / किसी भी स्तर पर भर्ती को रद्द करने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organisation. The Centre reserves the right to cancel recruitment at any stage / not to fill-up any of the post, as per administrative convenience. |
| 2. | पद कोड 01 तथा 02 के लिए रिक्तियाँ, उल्लिखितानुसार सैक और एनआरएससी में विभाजित की गई है। अत: जो अभ्यर्थी पद कोड 01 और 02 के लिए आवेदन कर रहे हैं उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार के समय तैनाती केंद्र की वरीयता का क्रम अनिवार्य रूप से बताना होगा। हालांकि, उपर्युक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थी को भारत में कहीं भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन / अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है।<br>For Post Code 01 and 02, the vacancies are apportioned among SAC and NRSC as indicated. Therefore, candidates applying for Post Code 01 and 02 are required to provide their order of preference for the Centre of posting at the time of Personal Interview. However, for all the above posts, the candidate is liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organisation / Department of Space situated anywhere in India as and when required. |
| 3. | आवेदन मात्र ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। ऑनलाईन पंजीयन, ऑनलाइन आवेदन भरने तथा आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु ऑनलाइन भर्ती पोर्टल **26.12.2023 के 1000 बजे से 15.01.2024 के 1730 बजे तक खुला रहेगा।** इच्छुक अभ्यर्थी इसके लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in अथवा https://career.sac.gov.in देख सकते हैं।<br>Applications will be received online only. The online recruitment portal will be available from **1000 hours on 26.12.2023 to 1730 hours on 15.01.2024** for online registration, filling up of online application and payment of application fees**.** Interested candidates may visit our web-site https://www.sac.gov.in OR https://career.sac.gov.in for this purpose. |
| 4. | **अभ्यर्थियों यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता मानदंडो को पूर्ण करते हैं और वे विज्ञापन तथा आवेदन फार्म में निहित अनुदेशों का अनुसरण करें। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं आवेदन फार्म को पूर्ण रूप से भरें और इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।**<br>**It is for candidates to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and complies with the requirements adhering to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard.** |
| 5. | ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु अठाराह शहरों नामत: अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर , नई दिल्ली, रायपुर, रांची एवं तिरुवनंतपुरम में से किसी का चयन करने का विकल्प दिया जाएगा। परीक्षास्थल का आवंटन आवेदन की संख्या के आधार पर किया जाएगा। आवश्यकतानुसार परीक्षा का आयोजन मात्र अहमदाबाद और हैदराबाद में या दूसरे शहर/शहरों में करने का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है। लिखित परीक्षा केंद्र के बारे में अभ्यर्थी को सूचित किया जाएगा जो अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।<br>The candidates shall be given option in online application to choose centre for written examination from among the eighteen cities viz Ahmedabad, Bengaluru, Bhopal, Bhubaneshwar, Chandigarh, Chennai, Dehradun, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Nagpur, New Delhi, Raipur, Ranchi and Thiruvananthapuram. The allocation of examination city shall be done based on the number of applications received. SAC reserves the right to conduct the examination only in Ahmedabad and Hyderabad or in other city/cities as feasible. The centre for written test will be notified to the candidates, which shall be final and binding. |

| | |
|---|---|
| 6. | ऑनलाइन आवेदन करते समय, जहाँ आवश्यक हो वहां वैध जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, मानक दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिकों के लिए डिस्चार्ज प्रमाणपत्र / अनापत्ति प्रमाण-पत्र को अपलोड किया जाए। आगे, दस्तावेज अपलोड करने के संबध में निर्देश ऑनलाएन आवेदन फॉर्म भरने के सामान्य दिशा-निर्देश में दिए गए हैं।<br>While applying online, wherever required valid Caste/Tribe Certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate, Discharge certificate /NOC for Ex-Servicemen should be uploaded. Further, instructions regarding uploading of documents are available at General Guidelines For Filling The Online Application Form. |
| 7. | ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात्, आवेदक को एक पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य में सभी प्रकार के पत्र व्यवहार के लिए प्रयोग किया जाए। ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण होने के बाद, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए आगे बढ़ सकता है। आवेदन फॉर्म पूर्ण करने के लिए आवेदन शुल्क भरना अनिवार्य है। शुल्क न भरे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन सार का प्रिंट आउट लेकर रखें। कृपया नोट करें कि आवेदन सार की प्रिंटिंग के लिए साइट दि. 15.01.2024 के 17.30 बजे के बाद उपलब्ध नहीं रहेगी। आवेदन शुल्क भरने के संबंध में निर्देश ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के सामान्य दिशा-निर्देश में दिए गए हैं।<br>Upon online registration, applicants will be provided with a registration number, which should be used for all future correspondence. After completion of online registration, candidate can proceed for online application. It is mandatory to complete the application form by paying application fees. Applications for which no fee is paid will not be considered. After submission of online application, take print out of the application summary for future reference. Please note that site will not be open for printing the application summary **after 1730 hours of** 15.01.2024. Instructions regarding payment of application fees are available at General Guidelines For Filling The Online Application Form. |
| 8. | यह पूर्वापेक्षित शर्त है कि प्रत्येक पद के समक्ष नियत अर्हता विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पाठ्यक्रम की अनुबंधित अवधि के भीतर पूर्ण कर ली गई हो।<br>It is a pre-requisite condition that the prescribed qualification against each post should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University. |
| 9. | यदि कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण–पत्र या समेकित मार्क-शीट में सीजीपीए और अंकों के प्रतिशत, दोनों का उल्लेख करता है, तो कम–से-कम एक मानदंड (सीजीपीए या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडो के अनुरूप होना चाहिए।<br>Where a university mentions both CGPA & Percentage of marks in Degree certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria i.e. either CGPA or percentage of marks should meet ISRO's eligibility norms. |
| 10. | जहाँ विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण–पत्र या समेकित मार्क-शीट में मात्र सीजीपीए का उल्लेख करता है, तो उल्लिखितानुसार सीजीपीए निश्चित ही अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंड के अनुरूप होना चाहिए। संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा रूपांतरण सूत्र निर्धारित होने पर भी पात्रता निर्धारित करने के लिए सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में बदलने की अनुमति नहीं है। यही मानदंड यथोचित परिवर्तनों सहित उन मामलों में भी लागू होते हैं, जहाँ उपाधि प्रमाण–पत्र/समेकित मार्क-शीट पर मात्र अंकों का प्रतिशत उल्लिखित है।<br>Where a University mentions only CGPA in its Degree certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in Degree Certificate / Consolidated Mark-sheet. |
| 11. | अंकों के पूर्णांकन की अनुमति नहीं है।<br>Rounding-off of marks is NOT allowed. |
| 12. | **ड्युअल/एकीकृत स्नातक कार्यक्रमों के मामले में For candidates having Dual/Integrated Degree:**<br>1. ड्युअल/ इंटीग्रेटेड डिग्री प्रमाणपत्र में जहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सीजीपीए/ प्रतिशत अलग-अलग दर्शाए गए हैं, वहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सीजीपीए/ प्रतिशत की विद्यमान प्रक्रिया के अनुसार संगणना की जाएगी।<br>Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/Percentage of the |

| | |
|---|---|
| | graduation and post-graduation level shall be reckoned as per existing procedure.<br>2. जहां ड्युअल/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए एक ही सीजीपीए/प्रतिशत उल्लिखित है, वहां पात्रता तय करने हेतु ड्युअल/एकीकृत डिग्री प्रमाण पत्र में अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए प्रदत्त अंतिम सीजीपीए/प्रतिशत की गणना की जाएगी ;<br>Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study only mentioned in Dual/Integrated Degree Certificate, final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/ Integrated Degree Certificate as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.<br>3. यदि कोई विश्वविद्यालय अपने ड्युअल/एकीकृत उपाधि प्रमाण–पत्र में कोई सीजीपीए/प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, तो अंतिम/समेकित मार्कशीट के अनुसार संचयी सीजीपीए/ प्रतिशत, जैसा कि अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू हो, पात्रता तय करने हेतु मान्य होगा;<br>Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in Dual/ Integrated Degree Certificate the cumulative CGPA/percentage as per Final/Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.<br>4. उपरोक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे चाहें कोई विश्वविद्यालय/संस्थान अपने ड्युअल/एकीकृत उपाधि प्रमाण–पत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सीजीपीए/प्रतिशत प्राप्त करने हेतु एक सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं;<br>The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual/Integrated Degree Certificate. |
| 13. | पैनल में अंतिम चरण के दौरान अभ्यर्थियों की परस्पर योग्यता के रूप में निम्नलिखित टाइ-ब्रेकर के आधार पर तय किए जाएंगे जिसे आवश्यकता के आधार पर एक के बाद एक लागू किया जाएगा:-<br>In the event of tie during the final empanelment, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers to be applied one after the other on need basis:-<br>(i) लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक Marks scored in the Written test<br>(ii) आवश्यक अर्हता में प्राप्त अंक (**विज्ञापन के रूप में अधिसूचित)** Marks scored in essential qualification (**as notified in the advertisement)**<br>(iii) जन्म तिथि, उम्र में अधिक होने वाले को उच्चतर स्थान में रखा जाएगा।<br>Date of Birth, with older candidates placed higher |
| 14. | ई-एडमिट कार्ड डाउनलोड करने**,** ई-एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए आईडी पासवर्ड इत्यादि के बारे में सूचित करने सहित लिखित परीक्षा/ वैयक्तिक साक्षात्कार के संबंध में अभ्यर्थी से सभी प्रकार का संप्रेषण ईमेल/ सैक वेबसाइट के माध्यम से ही किया जाएगा। इस वजह से**,** पंजीकरण पूर्ण करते समय और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी अपने ईमेल आईडी सही और अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके अलावा**,** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ईमेल की नियमित रूप से जाँच करते रहें और समय-समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। सैक/इसरो अभ्यर्थी को ईमेल प्राप्त न होने और/अथवा तकनीकी या अन्य किसी भी कारण से संप्रेषण में असफलता/अवरोध के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।<br>All communication with the candidates regarding Written Test/Personal Interview including intimation to the candidates regarding downloading of e-admit card, credentials to be used for downloading e-admit card will be sent through **E-mail / SAC website only**. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID correctly and compulsorily while completing the registration and submitting online application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ ISRO will not be responsible for non-receipt of e-mail and/or any failure/interruption in communication due to technical or whatsoever reason/s to the candidates. |
| 15. | अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि लिखित परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज अपने साथ लेकर आएं:<br>Candidate are advised to bring the following at the time of Written Test:<br>a) **मूल रूप से एक वैध फोटो पहचान साक्ष्य ( फोटोकॉपी या स्कैन की गई कॉपी नहीं)**<br>One valid Photo Identification proof in original (not photocopy or scanned copy)<br>b) **ई-प्रवेश कार्ड की मुद्रित प्रतिलिपि (सॉफ्ट कॉपी नहीं)**<br>Printed copy of E-Admit Card (Soft Copy Not Allowed) |

| | |
|---|---|
| 16. | अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और उन्हें किसी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।<br>Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their online application at the time of Personal Interview for verification. Those who fail to produce the said documents shall not be permitted to appear in the Personal Interview and TA will not be paid. |
| 17. | सरकारी/ सार्वजनिक उपक्रम/ अर्ध सरकारी/ स्वायत्त संगठन में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय अपने संबंधित संगठन से **अनापत्ति प्रमाणपत्र** प्रस्तुत करना होगा। **यदि कोई अभ्यर्थी वैयक्तिक साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और उन्हें किसी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।**<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Personal Interview**. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Personal Interview, shall not be permitted to appear in the Personal Interview and TA will not be paid.** |
| 18. | विदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त डिग्रियों वाले अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार, जैसा भी मामला हो, के समय भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>Candidates possessing Degrees awarded by foreign universities should produce the equivalency certificate issued by Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, at the time of Personal Interview. |
| 19. | यदि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर असत्य पाई जाती है तो अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।<br>If any information furnished in the online application is found false at any stage of recruitment process, the candidature will be cancelled summarily at any stage on scrutiny whenever the discrepancy is noticed |
| 20. | पीडब्ल्यूडी (मानक दिव्यांग) अभ्यर्थियों को कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के दि. 29/12/2005 के कार्यालय ज्ञापन सं.36035/3/2004-स्था.(आ.) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता का मूल प्रमाणपत्र लाना होगा, जिस में दिव्यांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो, जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा विधिवत गठित 3 सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड, जिसमें एक सदस्य दिव्यांगता आकलन से संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ हो, द्वारा जारी किया गया हो। मानक दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए दिव्यांगता की न्यूनतम डिग्री 40% होनी चाहिए।<br>PwBD (Persons with Benchmark Disabilities) candidates have to bring original certificate of disability in the prescribed format as per Ministry of Personnel, Public Grievances & Pension, Department of Personnel & Training, New Delhi vide Office Memorandum No. 36035/3/2004-Estt.(Res) dated 29/12/2005 clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least 3 members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing the disability, duly constituted by Central or a State Government at the time of Personal Interview. Degree of disability should be minimum 40% for Persons with Benchmark Disabilities (PwBD). |
| 21. | **समावेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम**<br>**Induction Training Programme**<br>कार्यग्रहण करने के पश्चात्, नामित किए जाने पर अभ्यर्थी को विभिन्न इसरो केंद्रों में समावेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होना होगा जो संगठन में पुष्टि के लिए पूर्व-आवश्यकता होगी।<br>After joining, whenever nominated, the candidate has to undergo an Induction Training Programme at different ISRO Centres, which will be pre-requisite for confirmation in the Organisation. |
| 22. | इसरो में वैज्ञानिक/तकनीकी पदों के लिए कैरियर वृद्धि मेरिट प्रोत्साहन योजना पर आधारित है, जिसमें कर्मचारियों की पुनरीक्षा की जाती है और निर्धारित रेजिडेंसी अवधि के आधार पर रिक्तियों के संदर्भ के बिना उन्हें अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है। |

| | |
|---|---|
| | Career advancement for Scientific/Technical posts in ISRO is based on Merit Promotion Scheme where the employees are reviewed and promoted to the next higher grade on merit after a prescribed residency period without reference to vacancies. |
| 23. | इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही अहमदाबाद में ही की जा सकती है; और केवल अहमदाबाद के न्यायालयों के पास ऐसे किसी भी मामले/विवादों को निपटाने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा। Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement can be instituted in Ahmedabad; and the Courts at Ahmedabad only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cases/disputes. |
| 24. | विज्ञापन के अंग्रेजी /हिन्दी के किसी भी खंड की व्याख्या में अस्पष्टता / विवाद के मामले में, सैक का निर्णय अंतिम होगा।<br>In case of any ambiguity/dispute arising on account of interpretation of any clause either in Hindi/English of this advertisement, the decision of SAC will be final. |

| **संपर्क नंबर CONTACT NUMBERS:** | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान तकनीकी पूछताछ के लिए<br>For technical queries occurred during applying online | 079 2691 3130/57 |
| सामान्य पूछताछ के लिए<br>For general queries | 079 2691 3022 / 24 / 25 |
| ई-मेल पता<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |
| विज्ञापन में पूर्व से ही उपलब्ध सूचना के बारे में पूछताछ किए जाने पर उसका जबाव ई-मेल/टेलीफोन से नहीं दिया जाएगा।<br>(Queries for which information is available in the advertisement shall not be replied over phone / email.) | |

| **महत्वपूर्ण तिथियाँ IMPORTANT DATES:** | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण तथा आवेदन हेतु वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि<br>Opening date for Online Registration and Applications on website | 26.12.2023<br>(1000 बजे से From 1000 hrs.) |
| आवेदन सारांश के प्रिंट व ऑन-लाइन पंजीकरण बंद होने की तिथि<br>Closing date for online registration, submission of application, payment of application fees and printing of application summary | 15.01.2024<br>(1730 बजे तक Till 1730 hrs.) |

| **ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य दिशानिर्देश**<br>**GENERAL GUIDELINES FOR FILLING THE ONLINE APPLICATION FORM** | |
|---|---|
| 1. | आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling application form. |
| 2. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकडे भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 3. | **फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश**<br>**Guidelines for uploading Photo and Signature:**<br>आवेदन पत्र जमा करने के लिए उम्मीदवार को हाल ही के रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ 1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल होनी चाहिए। / It is mandatory for the candidate to upload recent Colored Passport Size Photograph and signature to submit the application form. The Passport Size Photograph should be a JPEG file of less than 1 MB with the following guidelines to be followed:<br>➢ सेल्फी की अनुमति नहीं है। / No selfies allowed.<br>➢ पूरा चेहरा स्पष्ट दिखाई देता हो।/ Frontal view of the full face is visible.<br>➢ बैकग्राउंड सादा/सफ़ेद होना चाहिए।/ Background should be plain/white. |

| | |
|---|---|
| | ➢ धुंधली तस्वीर या हाल के रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के अलावा किसी अन्य तस्वीर के साथ अपलोड किया गया आवेदन खारिज कर दिया जाएगा। Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph shall be summarily rejected.<br>➢ श्वेत-श्याम तस्वीरों की अनुमति नहीं है। / Black and white photographs not allowed.<br><br>1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर का अनुपात 7:2 (यदि चौड़ाई 70 पिक्सेल है तो ऊंचाई 20 पिक्सेल) होनी चाहिए।<br>The candidate's signature should have an aspect ratio of 7:2 (if width is 70 pixel then height should be 20 pixel) in JPEG file of less than 1 MB.<br><br>**ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर दिए गए निर्देशानुसार अनिवार्य अर्हता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करना भी अनिवार्य है।**<br><br>**It is also mandatory to upload documents pertaining to eligibility of the candidate as per guidelines in online application portal.** |
| 4. | * से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |
| 5. | जब भी माँगा जाये,जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, मानक दिव्यांगता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूबीडी), पूर्व सैनिक हेतु डिस्चार्ज प्रमाणपत्र/एनओसी नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में अपलोड किए जाएं| (फाइल साइज 1. एम.बी. से कम होनी चाहिए।<br>As and when required, valid Caste/Tribe Certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate, Discharge certificate /NOC for Ex-Servicemen should be uploaded in the prescribed format (file size should be less than 1 MB) as given below:<br>मानक दिव्यांगता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूबीडी) Persons with Benchmark Disability (PWBD)<br>अनुसूचित जाति (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) Scheduled Castes (SC)/Scheduled Tribes (ST)<br>पूर्व सैनिक (ईएसएम)/Ex-servicemen (ESM) |
| 6. | **नोटः आवेदन केवल एक बार प्रस्तुत किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन एक निर्णायक चरण है, क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नही किया जा सकेगा। इसलिए प्रस्तुत करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।**<br>***NOTE*: Application can be submitted only once. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So you should ensure once again that the information is correct before submitting.** |
| 7. | **आवेदन शुल्क के भुगतान की प्रकिया/ Process for Payment of Application Fee:**<br>• प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में रु.750 (लागू करों/शुल्कों को छोड़कर) का भुगतान करना होगा। शुल्क मुक्त श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को पूर्ण शुल्क वापस कर दिया जाएगा। अन्य अभ्यर्थियों को रु. 250/- का आवेदन शुल्क छोड़-कर शेष रु.500/- वापस कर दिए जाएंगे।<br>Initially all candidates have to uniformly pay Rs. 750/- (excluding applicable taxes/ charges). Candidates belonging to fee-exempted categories, will be refunded full amount. Other candidates will be refunded Rs. 500/- after retaining the application fee of Rs. 250/-.<br>• सभी महिलाएँ, अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनूसूचित जन जाति (अ.ज.जा.), भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) तथा मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) अभ्यर्थी शुल्क-मुक्त श्रेणी में आते हैं। पंजीकरण के दौरान संबंधित दस्तावेज़ निर्दिष्ट प्रारूप में अपलोड किए जाने चाहिए (महिला अभ्यर्थी के अतिरिक्त) (फाइल 1 एमबी से कम होनी चाहिए)<br>All Women, Scheduled Castes (SC), Scheduled Tribes (ST), Ex-servicemen (ESM) and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates belong to fee-exempted categories. Relevant documents in prescribed format to be uploaded during registration (except woman candidates) (file should be less than 1 MB).<br>**नोट/Note: मात्र उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए शुल्क वापस करने हेतु विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। (सभी पद कोड के लिए लागू) Grant of refund will be considered** |

| | |
|---|---|
| | **only to such candidates who appear in the written test (applicable to all the post codes).**<br>• शुल्क की वापसी हेतु आवेदक को अपना सही खाता विवरण उपलब्ध कराना होगा। अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए गलत खाता विवरण के कारण यदि उन्हें शुल्क वापस नहीं प्राप्त होता है तो इसके लिए सैक (इसरो) उत्तरदायी नहीं होगा। Applicant should furnish the Correct bank account details for refund of fee. SAC(ISRO) shall not be held responsible, if the candidate does not receive the refund amount due to incorrect bank account details provided by the candidate.<br>• आवेदन फॉर्म में पूर्ण विवरण भरने के पश्चात्, अभ्यर्थी को **भारतकोष** पेमेंट गेटवे की ओर पुन:निर्देशित किया जाएगा। एक बार भुगतान की पुष्टि प्राप्त होने पर, अभ्यर्थी को एक पुष्टि संदेश एवं ई-मेल प्राप्त होगा। After completely filling up all the details in the application form, candidates will be re-directed to **BHARATKOSH** payment gateway for making payment. Once the payment is confirmed, the candidate will receive a confirmation message and mail.<br>• **नोट : शुल्क के भुगतान के लिए कोई विस्तारित तिथि नहीं है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि ही शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि होगी। Note: There is no extended date for the payment of fees. The last date of filling-up of the application form shall also be the last date for the payment of fees.** |

| **सामान्य शर्तें/ GENERAL CONDITIONS:** | |
|---|---|
| 1. | **केवल भारतीय** राष्ट्रीयता वाले आवेदन करें।<br>**Only Indian** Nationals need apply. |
| 2. | मात्र ऑनलाइन किए गए आवेदनों पर विचार किया जाएगा। प्रत्यक्ष प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। Applications made online only will be entertained. Physical applications will not be entertained. |
| 3. | सभी पद अस्थायी हैं, लेकिन निरंतर रहने की संभावना है।<br>The posts are temporary but likely to continue. |
| 4. | **किसी भी रूप में प्रभाव डालने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।**<br>**CANVASSING IN ANY FORM WILL BE A DISQUALIFICATION.** |
| 5. | **किसी भी अंतरिम पत्राचार/फोन कॉल पर विचार नहीं किया जाएगा।**<br>**No interim correspondence/phone calls will be entertained.** |
| 6. | **कोई भी परिशिष्ट/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट www.sac.gov.in या careers.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।<br>**Any Addendum/Update/Corrigendum will only be published on SAC website**. Candidates should regularly visit the SAC website www.sac.gov.in or careers.sac.gov.in for latest updates. |
| 7. | वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से वैयक्तिक साक्षात्कार स्थल तक आने-जाने का द्वितीय श्रेणी रेलवे का लघुतम दूरी का किराया, एसी रहित बस का किराया अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा चाहें यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो। **लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।**<br>Outstation Candidates called for Personal Interview will be paid to and fro Second Class Railway Fare or non-AC Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in on-line application to the place of personal interview on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. **No TA will be paid for appearing in Written Test**. |
| 8. | प्रारंभ में नियुक्ति स्थल सैक, अहमदाबाद या एनआरएससी, हैदराबाद होगा, परंतु पदधारी को जब और जैसी आवश्यकता हो, भारत के किसी भी स्थान में स्थित इसरो या अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है।<br>Initially the place of posting will be in SAC, Ahmedabad or NRSC, Hyderabad as the case may be; but the incumbents are liable to be posted in any of the Centres/Units of ISRO or Department of Space situated anywhere in India as and when required. |

| | |
|---|---|
| 9. | चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा तथा चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तुरंत पद पर कार्यग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates will be intimated through email and have to join the post on being found fit by a Medical Authority. |
| 10. | वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए स्क्रीन-इन नहीं किए गए/ नियुक्ति के लिए नहीं चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के साथ किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा।<br>No correspondence will be entertained with the candidates who are not screened in for personal interview /not selected for Appointment. |
| 11. | मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के माध्यम से व्यवसायिक कोर्स करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।<br>Candidates who have pursued professional course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible for consideration . |
| 12. | सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।<br>Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply. |

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.sac.gov.in या careers.sac.gov.in देखें।**
**VISIT OUR WEB-SITE www.sac.gov.in or careers.sac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION.**